(7)



# खुले में कचरा डालने पर दो दुकानदारों पर 2000-2000 का जुर्माना

## जूते-चप्पल की दुकान को किया सील

प्रसारण न्यूज • रतलाम

*नगर को कचरा मुक्त बनाने हेतु नगर के सभी घरों एवं दुकानों से कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से कचरा संग्रहित किया जा रहा है, किन्तु कुछ नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डाला जा रहा है, ऐसे नागरिक एवं दुकानदारों पर लगाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।*

माणकचौक क्षेत्र में हितेश व विजय गांधी द्वारा रात्रि के समय दुकान बंद करने के समय खुले में कचरा डालने पर 2000-2000 हजार का जुर्माना कर संबंधितों की दुकानों को सील किया गया। इसके अलावा गंदगी करने पर चन्द्रप्रकाश माणक चौक पर 500 व मुकेश इण्डस्ट्रीज एरिया पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किए जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

प्रसार० | 23

प्रसारण 23/03/21

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। 215

## खुले में कचरा डालने पर दुकान सील

रतलाम ● नगर को कचरा मुक्त बनाने हेतु नगर के सभी घरों एवं दुकानों से कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से कचरा संग्रहित किया जा रहा है किन्तु कुछ नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डाला जा रहा है। ऐसे नागरिक एवं दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। माणक चौक क्षेत्र में हितेश व विजय गांधी द्वारा रात्रि के समय दुकान बंद करने के समय खुले में कचरा डालने पर 2000-2000 हजार रु. का जुर्माना कर संबंधितों की दुकानों को सील किया गया। इसके अलावा गंदगी करने पर चन्द्रप्रकाश माणक चौक पर 500 व मुकेश इण्डस्ट्रीज एरिया पर 100 रुपए का स्पॉट फाईन किया गया।

(12)

# शास्त्री नगर में आज लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

**रतलाम । नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली षिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित षिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस षुल्क एवं विकास षाखा से संबंधित भवन की किष्त तथा भू-भाटक की बकाया राषि जमा करा सकेगें।**

निगम द्वारा आयोजित षिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर षिविर में संपत्तिकर 1,10,000/- व जलकर 6,000/-, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा षिविर में संपत्तिकर 1,40,000/- व जलकर 55,775/-, अम्बे माता जवाहर नगर ष्विर में संपत्तिकर 2,38,000/- व जलकर 49,010/-, विनोबा नगर षिविर में संपत्तिकर 1,29,000/- व जलकर 43,670/-, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल षिविर में संपत्तिकर 1,22000/- व जलकर 29,280/-, तिरूपति षिविर में संपत्तिकर 77,000/- व जलकर 19,850/-, कोमल नगर षिविर में संपत्तिकर 1,27,000/- व जलंकर 48,220/-, मार्निंग स्टार स्कूल षिविर मे संपत्तिकर 1,12,000/- व जलकर 14,000/-, कस्तुरबा नगर षिविर में संपत्तिकर 5,47,000/- व जलकर 86,540/-, प्रियदर्षनी नगर षिविर में संपत्तिकर 1,02,000/- व जलकर 3,76,905/-, डोंगरे नगर षिविर में संपत्तिकर 1,82,500/- व जलकर 76,470/-, हाट रोड षिविर में संपत्तिकर 68,000/- व जलकर 47,595/-, कलीमी कालोनी षिविर में संपत्तिकर 1,17,000/- व जलकर 22,680/-, राजेन्द्र नगर षिविर में संपत्तिकर 1,01,644/- व जलकर 55,320/-, काटजू नगर षिविर में संपत्तिकर 2,76,000/- व जलकर 59,500/-, वेदव्यास कालोनी षिविर में संपत्तिकर 26,62,144/- व जलकर 6,71,025/-, कल्याण नगर षिविर में संपत्तिकर 71,000/- व जलकर 19,000/-, दीनदयाल नगर षिविर में संपत्तिकर 2,47,000/- व जलकर 64,780/-, बोहरा बाखल षिविर में संपत्तिकर 4,92,000/- व जलकर 66,715/-, रामगढ़ षिविर में संपत्तिकर 1,60,000/- व जलकर 34,340/-, लक्कड़पीठा प्याऊ के पास षिविर में संपत्तिकर 2,30,000/- व जलकर 44,230/-, धानमण्डी षिविर में संपत्तिकर 2,07,000/- व जलकर 33,940/-, जूनि कोर्ट किरण टॉकिज षिविर में संपत्तिकर 1,84,000/- व जलकर 56,350/-, आनन्द कालोनी षिविर मे संपत्तिकर 86,000/- व जलकर 35,140/-, प्रताप नगर षिविर में संपत्तिकर 1,16,000 व जलकर 57,670/-, महावीर नगर षिविर में संपत्तिकर 69,000/- व जलकर 21,185/-, पैलेस रोड षिविर में संपत्तिकर 3,50,000/- व जलकर 66,865/-, चौगानिया भेरू मंदिर के पास षिविर में संपत्तिकर 1,15,000/- व जलकर 25,865/-, सायर चबुतरा षिविर में संपत्तिकर 2,42,000/- व जलकर 70,400/-, चौमुखील पुल षिविर में संपत्तिकर 4,70,000/- व जलकर 43,925/-, बजाज खाना गणेष देवरी षिविर में संपत्तिकर 2,55,000/- व जलकर 39,750/- की राषि जमा कराई। इस तरह नागरिकों ने अब तक आयोजित षिविरों में 62,31,144/- संपत्तिकर व 13,43,910/- जलकर की राषि जमा कराई।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली षिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 20 व 22 मार्च को षास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 25 से 26 मार्च तक स्टेषन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिये 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में षिविर आयोजित किये गये है।

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त षिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित षिविरों में बकायादार अपनी बकाया राषि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

तेज एक्सप्रेस 22/03/2021

# विवाह समारोह में 200, अंतिम संस्कार में 20 से ज्यादा लोग नहीं जुटेंगे

## फिर तेज हुई कोरोना की रफ्तार : 37 नए पाजिटिव निकले, मास्क पहनने के साथ शारीरिक दूरी का पालन कराने के लिए सख्ती

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण की तेज रफ्तार को रोकने के लिए प्रशासन ने फिर से सख्ती शुरू कर दी है। खास तौर पर मास्क को लेकर प्रशासन का रवैया सख्त रहेगा। विवाह समारोह में 200 और अंतिम संस्कार में 20 से ज्यादा लोगों के शामिल होने पर रोक रहेगी। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने ये निर्देश सोमवार को वीसी में देते हुए नई गाइडलाइन के शत प्रतिशत पालन की बात कही।

कलेक्टर ने कहा कि कोरोना की रोकथाम में समाज के सभी संगठनों, वर्गों, धर्म गुरुओं का सहयोग लिया जाए। मेरी होली मेरे घर तथा मेरा मास्क मेरी सुरक्षा जैसे स्लोगन अधिकारिक रूप से प्रसारित किए जाएंगे। मास्क नहीं पहने व्यक्ति से 100 रुपये पेनाल्टी लेने पर 2 मास्क प्रदान किए जाएंगे। कोरोना मरीज आने पर उस घर को कंटेनमेंट बनाया जाएगा। वहां का व्यक्ति बाहर मिलने पर दो हजार रुपये की पेनल्टी और दूसरी बार में एफआइआर की जाएगी। खानपान की दुकानों पर भीड़ नहीं रहेगी। गांवों में मुनादी करवाएंगे कि मास्क पहनकर शहर में जाएं। रेलवे स्टेशन पर खासतौर पर महाराष्ट्र से आने वाले यात्रियों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। रात्रि 10 बजे बाजार बंद कराए जाएंगे। जिले में सोमवार को सैंपलों की जांच में 37 की रिपोर्ट पाजिटिव आई। इनमें शहर के पावर हाउस रोड, अलकापुरी, गुलमोहर कालोनी, आनंद कालोनी, कस्तूरबा नगर, शास्त्री नगर, पीएनटी कालोनी, बाजना बस स्टैंड, गांधी नगर, इंदिरा नगर, सुभाष गृह निर्माण समिति सिंधु नगर, सम्यक रेसिडेंसी, काटजू नगर, शक्तिनगर, शुभ-लाभ कालोनी, प्रियदर्शनी नगर, टाटा नगर, गोपाल नगर, डोंगरे धाम के पास ताहेर पुरा, गणेश नगर, 80 फीट रोड, मीरा कुटी, शुभम परिसर, ग्राम सरवन तथा जावरा के लक्ष्मी बाई रोड के व्यक्ति सम्मिलित हैं। 19 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया।



डालू मोदी बाजार चौराहा पर मास्क वितरित करते हुए दिनेश राठौड़। • नईदुनिया

### कलेक्टर-एसपी ने मास्क नहीं पहनने वालों के चालान बनवाए

वीसी के बाद रात में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड व एसपी गौरव तिवारी गौरव तिवारी ने शहर का दौरा किया और बगैर मास्क मिले लोगों के चालान खड़े रहकर बनवाए। पेनल्टी वसूल कर सभी को दो-दो मास्क प्रदान किए गए। कलेक्टर, एसपी, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम द्वारा सैलाना बस स्टैंड, रिलायंस पेट्रोल पंप इत्यादि स्थानों पर चालानी कार्रवाई के साथ ही समझाइश भी दी गई कि मास्क अनिवार्य रूप से पहनें।

### रिलायंस पेट्रोल पंप पर पांच हजार रुपये का जुर्माना

पावर हाउस रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के निरीक्षण के दौरान ग्राहकों तथा कर्मचारियों को बगैर मास्क के पाया गया। कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए पेट्रोल पंप संचालक पर 5 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया।

### 1749 लोगों को लगाया टीका

जिले में सोमवार को 1749 लोगों का कोविड टीकाकरण किया गया। 20 केंद्रों पर हुए टीकाकरण में शहर के बाल चिकित्सालय में 342 और मेडिकल कालेज में 311 ने कोविड का टीका लगवाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रावटी में 89, सिविल अस्पताल जावरा में 140, सिविल अस्पताल आलोट में 69 हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया।

### नागरिकों को मास्क वितरित

शहर में कोरोना के बढ़ते प्रकोप के चलते दिनेश राठौड़ मित्र मंडल द्वारा डालू मोदी बाजार चौराहे पर बिना मास्क वाले नागरिकों को मास्क वितरित किए गए। नागरिकों को मास्क लगाने व सावधानी बरतने की समझाइश भी दी गई। दिनेश राठौड़, राकेश धभाई, महेंद्र भरकुंदिया, शीतल माहेश्वरी, संजय व्यास, नीरज परमार, वैभव शर्मा, राहुल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, उपेंद्रसिंह, रवि शर्मा आदि उपस्थित थे।

### अब इस तरह तय की जिम्मेदारी

**बस-मैजिक वाहन** : कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वाहनों में यात्रियों के मास्क नहीं पहनने पर संबंधित कंडक्टर जिम्मेदार होगा और चालान राशि की वसूली कंडक्टर से ही की जाएगी। इस दायरे में बसों के अलावा मैजिक तथा आटो रिक्शा भी आएंगे। जिला परिवहन अधिकारी बगैर मास्क के यात्री पाए जाने पर बसों के परमिट निरस्त कर ड्राइवर, कंडक्टर के लाइसेंस निरस्त बसें जब्त कर लें।

**दुकानदार-व्यापारी** : दुकानदार द्वारा मास्क नहीं पहने जाने पर दुकान बंद की जाएगी। पेनाल्टी भी वसूली जाएगी। दुकान पर रस्सी सीमा रेखा के रूप में लगाना होगी। दुकान के बाहर शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए गोले बनाए जाएंगे।

**होलिका दहन** : होलिका दहन स्थल पर 20 से 25 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। उनके नाम लिखित में लिए जाएंगे। स्थल पर वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। सभी व्यक्ति मास्क पहने हों।

**विवाह समारोह** : कोई भी आयोजन बगैर अनुमति नहीं होगा। जिस मैरिज गार्डन या होटल में वैवाहिक कार्यक्रम होगा वहां पूर्व से प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। अनुमति की सीमा अधिकतम 200 व्यक्तियों की रहेगी। मैरिज गार्डन, होटल के एंट्री पाइंट पर परिसर संचालक द्वारा मास्क और सैनिटाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। हर एक घंटे में परिसर में सोडियम हाइपोक्लोराइड से सफाई की जाएगी। संचालक तय करेंगे की सभी व्यक्ति मास्क पहने हुए हों अन्यथा उसके विरुद्ध एपिडेमिक एक्ट में कार्रवाई कर होटल, मैरिज गार्डन बंद कर दिया जाएगा।

**अंतिम संस्कार** : 20 से अधिक व्यक्ति सम्मिलित नहीं होंगे। उठावना वर्जित रहेगा।

**सब्जी मंडियां** : प्रशासन की टीम मास्क की अनिवार्यता के लिए उद्घोषणा करेगी और दूसरे दिन से पेनल्टी शुरू कर दी जाएगी। कोई भी विक्रेता बगैर मास्क पहने किसी से बात नहीं करेगा।

**बैंक** : बैंक शाखाओं में भी प्रशासन की टीम जाकर निरीक्षण करेगी, यदि वहां मास्क नहीं पहने व्यक्ति पाए जाते हैं तो कार्रवाई होगी, वीडियो रिकार्डिंग कर कार्रवाई को इंटरनेट मीडिया पर भी जारी किया जाएगा।

नईदुनिया

नईदुनिया 23/03/2021

19

मास्क नहीं पहनने पर कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालक का बनाया चालान

# कोरोना संक्रमित का घर बनेगा कंटेनमेंट, बाहर नजर आए तो अब 2 हजार जुर्माना

## होलिका दहन पर भी 20 से 25 लोग ही हो सकेंगे एकत्रित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रशासन अब सख्त हो गया है। मास्टर नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई के लिए अब कलेक्टर स्वयं सड़क पर आ गए हैं। कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड सोमवार रात पुलिस प्रशासन के अमले के साथ गाड़ियों का सायरन बजाते हुए नगर में निकले को लोगों को मास्क पहनने के लिए हिदायत दी। कलेक्टर का काफिला जब पावर हाउस रोड पर पहुंचा तो यहां रिलायंस पेट्रोल पंप पर बिना मास्क के कर्मचारी पेट्रोल-डीजल देते नजर आए। यह देख कलेक्टर ने पंप संचालक का ₹5000 का चालन बनाया। कलेक्टर को सड़क पर देख लोगों में हड़कंप मच गया।

कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड ने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कोरोना की बढ़ती संख्या को रोकना है, इसके लिए कड़े कदम-उठाए जा रहे हैं। वाहनों में यात्रियों के मास्क नहीं पहनने पर संबंधित कंडक्टर जिम्मेदार होगा और चालान राशि की वसूली कंडक्टर से ही की जाएगी। इस दायरे में बसों के अलावा मैजिक तथा ऑटो रिक्शा भी आएंगे।

### तो निरस्त होंगे लाइसेंस और परमिट

जिला परिवहन अधिकारी सख्ती से चेकिंग करें, बगैर मास्क के यात्री पाए जाने पर बसों के ड्राइवर के लाइसेंस, कंडक्टर के लाइसेंस निरस्त किए जाएं, परमिट निरस्त किए जाएं, बसे जप्त की जाए। बस में यात्री सैनेटाईज करके ही अन्दर जाए। दुकानदारों के संबंध में भी दिए गए। दुकानदार द्वारा मास्क नहीं पहने जाने पर दुकान बंद की जाएगी। पेनल्टी भी वसूली जाएगी।

### होली पर 20-25 लोगों की अनुमति

होलिका दहने पर 20 से 25 व्यक्तियों की स्थल पर अनुमति रहेगी, उनके नाम लिखित में लिए जाएंगे। स्थल पर वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी व्यक्ति मास्क पहने हो। विवाह के संबंध में बताया गया कि कोई भी आयोजन बगैर अनुमति नहीं होगा। जिस मैरिज गार्डन या होटल में वैवाहिक कार्यक्रम होगा वहां पूर्व से प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया जाएगा कि कितने व्यक्ति एकत्र हो सकते हैं। अनुमति की सीमा अधिकतम 200 व्यक्तियों की रहेगी। मैरिज गार्डन, होटल के एंट्री पॉइंट पर परिसर संचालक द्वारा मास्क और सैनिटाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

पत्रिका

### हर घण्टे होगी सफाई

इसके साथ ही हर घंटे में मैरिज गार्डन तथा होटल परिसर में सोडियम हाइपोक्लोराईड से सफाई की जाएगी। गेट पर हाथ धुलाई की व्यवस्था की जाना होगी। संचालक यह भी सुनिश्चित करेगा कि अंदर जाने वाला व्यक्ति और बाहर आने वाला व्यक्ति मास्क पहने हो अन्यथा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एपिडेमिक एक्ट में कार्रवाई होगी और होटल, मैरिज गार्डन बंद कर दिया जाएगा। कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी होगी।

### अंतिम संस्कार में 20 की अनुमति

अंतिम संस्कार में 20 से अधिक व्यक्ति सम्मिलित नहीं होंगे, उठावना चलित रहेगा। त्योहारों पर मेला, गेर, जुलूस इत्यादि प्रतिबंधित रहेंगे। सब्जी मंडियों के संबंध में निर्देशित किया गया कि प्रशासन की टीम जाएगी और मास्क की अनिवार्यता के लिए उदघोषणा करेगी, दूसरे दिन से पेनल्टी शुरू कर दी जाएगी। कोई भी विक्रेता बगैर मास्क पहने किसी से बात नहीं करेगा। साथ ही बैंक शाखाओं में भी प्रशासन की टीम जाकर निरीक्षण करेगी।

### घर बनेगा कंटेनमेंट

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिस घर से भी कोरोना पेशेंट आता है, कम से कम उस घर को कंटेनमेंट बनाया जाएगा और उस घर से जो भी व्यक्ति बाहर पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध 2 हजार रूपए की पेनल्टी की जाएगी और दूसरी बार बाहर पाए जाने पर एफआईआर की जाएगी। खानपान की दुकानों पर भीड़ नहीं रहेगी, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुनादी करवाएंगी कि मास्क पहने जाएं।

### रात 10 बजे बाजार बंद होंगे

महाराष्ट्र से आने वाले यात्रियों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। रात्रि 10 बजे बाजार बंद कराने की पूर्व से तैयारियां प्रशासन सुनिश्चित कर देगा, इसके लिए उदघोषणा सतत की जाएगी ताकि समय पर बाजार बंद हो सके। मेरी होली मेरे घर तथा मेरा मास्क मेरी सुरक्षा जैसे स्लोगन अधिकारिक रूप से प्रसारित किए जाएंगे।



### पेनल्टी वसूली

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी स्वयं मैदान में आए। वाहनों से सायरन बजे और जहां भी बगैर मास्क पहने व्यक्ति पाए गए कलेक्टर एवं एसपी द्वारा उनके चालान स्थल पर खड़े रहकर बनवाए गए और पैनल्टी वसूली गई तथा 2-2 मास्क प्रदान किए गए। इस दौरान कलेक्टर द्वारा जहां भी वाहनों पर सवार व्यक्तियों को बगैर मास्क के देखा गया अमले को निर्देशित कर उनको लाया जाकर चालान काटे गए।

पत्रिका
23/03/2021

(20)

सख्ती • एसडीएम ने कलेक्टर को दिखाए बिना मास्क के फुटेज

# बिना मास्क आए लोगों को भर रहे थे पेट्रोल, 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए शहर में मास्क जरूरी किया है। मास्क की जांच को लेकर कलेक्टर गोपालचंद्र डाड एवं एसपी गौरव तिवारी अपने बल के साथ सड़क पर उतरे। उन्होंने चौराहों पर मास्क की जांच की और जो बगैर मास्क के नजर आया उसका 100 रुपए का चालान काटा।

सैलाना बस स्टैंड और श्रीराम मंदिर पर मास्क की जांच के बाद कलेक्टर और एसपी पॉवर हाउस रोड स्थित रिलायंस पंप पर पहुंचे। यहां मास्क की जांच की। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज निकाले तो बगैर मास्क में वाहनों में पेट्रोल भरना मिला। यह फोटो उन्होंने कलेक्टर को दिखाए तो कलेक्टर पंप संचालक पर नाराज हो गए और बोले जब आदेश कि बगैर मास्क के पेट्रोल नहीं देना है तो फिर पेट्रोल क्यों भरा जा रहा है। आपकी ड्यूटी बनती है कि किसी को भी बगैर मास्क के पेट्रोल ना भरा जाए। ये ठीक नहीं है। आप पर एफआईआर करा दूंगा। इस पर पंप संचालक गिड़गिड़ाने लगा तो फिर पांच हजार रुपए की पेनल्टी लगाई।

## मास्क के बगैर सवारी मिली तो कंडक्टर का चालान काटा

यहां से कलेक्टर और एसपी रेलवे स्टेशन और फिर बस स्टैंड पहुंचे। यहां रोडवेज बस में एक सवारी बगैर मास्क मिली तो उसका चालान काटा और वह राशि बस कंडक्टर से वसूली। जिला परिवहन अधिकारी दीपक कुमार मांझी ने बताया कि बस में बगैर मास्क सवारी सफर ना करें। यह जवाबदारी बस संचालक की है। इसकी आगे भी जांच की जाएगी। यदि बस में बगैर मास्क सवारी मिली तो उसका चालान काटा जाएगा और इसकी राशि बस मालिक, कंडक्टर से वसूली जाएगी। सैलाना बस स्टैंड पर भी बगैर मास्क के एक बस में तीन सवारी मिली तो बस कंडक्टर से राशि वसूली।

**मास्क की जांच में लगा जाम, परेशान हुए लोग :** सैलाना बस स्टैंड पर जब कलेक्टर और एसपी जांच कर रहे थे तो जाम लग गया और चारों तरफ वाहन की कतार लग गई। इससे 20 मिनट तक वाहन फंसे रहे। यहां एक पत्रकार भी बगैर मास्क के मिला तो उसका चालान काटा। इस मौके पर एडीएम जमुना भिड़े, सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का अमला मौजूद था।

दै. भास्कर 23/03/2021

## मास्क सैनिटाइजर वितरण के लिए लगाए जाएं काउंटर

रतलाम | यहां जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा विवाह आदि समारोह में आगंतुकों को मास्क, सैनिटाइजर वितरण के लिए काउंटर मुहैया कराया जाए। जहां से उन्हें मास्क और सैनिटाइजर मिल सके। विधायक डॉ. पांडेय ने कहा बगैर मास्क चालान काटते वक्त मास्क और सैनिटाइजर की छोटी बोतल भी संबंधित व्यक्ति को दी जाए। सफाई, सैनिटाइजर छिड़काव का काम तेजी से शुरू किया जाए। मास्क की कमी नहीं रहे। होलिका दहन पर सीमित संख्या में उपस्थिति की अनुमति दी जानी चाहिए।

(4)

# बुद्धिजीवियों और जनप्रतिनिधियों ने बताई अपनी जिम्मेदारी

**शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया-** शहर की स्वच्छता में सभी की सहभागिता रहे, लेकिन इसके लिए जनप्रतिनिधि ज्यादा आगे आएं क्योंकि उन्हें देखकर जनता अनुसरण करती है। हम बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और अच्छा करने का प्रयास करें।

**भाजपा प्रवक्ता अरुण राव -** ने एक संस्मरण सुनाया कि जब वे लोग कुछ वर्ष पूर्व आंध्रप्रदेश गए थे तो कार में उनके एक साथी ने बोतल बाहर फेंकने की कोशिश तो ड्राईवर ने रोकते हुए डस्टबिन में डालने को कहा। यही जागरुकता रतलाम में लाना है।

**पूर्व पार्षद सीमा टांक-** स्वच्छता के नाम पर हम बात करते है, लेकिन खुद ही पॉलिथीन, कचरा नालियों में, चलती गाड़ियों से फैंकते है। कचरा अलग करने में महिलाएं ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है तो वे जिम्मेदारी उठाएं। जब तक हम नहीं बदलेंगे तब तक शहर नहीं बदल सकता।

**अदिति दवेसर,** कांग्रेस नेत्री एवं **अधिवक्ता -** स्वच्छता और पर्यावरण एक सिक्के के दो पहलू है। इसलिए पेड़ों की कटाई का भी विरोध करने के साथ पौधारोपण पर बुहत ध्यान दिए बिना शहर का विकास और सौंदर्यीकरण असंभव है। इसके लिए हम आगे आएँ, वरना विकास सर्वांगीण कभी नहीं होगा।

**महेंद्र गादिया -** रेडक्रास अध्यक्ष - स्वच्छता के बिना स्वास्थ भी संभव नहीं है और अस्पताल में हम देखते हैं कि साफ, सुंदर परिसर में लोग जल्दी स्वस्थ होते है। स्वच्छता की आदत स्वयं में डालें ताकि शहर और हम दोनों सेहतमंद रह सकें।

रेलवे ट्रेड यूनियन पदाधिकारी और समाजसेवी **प्रकाश व्यास -** ने कहा कि पहले की अपेक्षा लोगों में बहुत जागरुकता आई है। अब कोई खुले में कचरा फैंके तो अन्य लोग उसे रोकते है। यही भावना आगे ले जानी है साथ ही स्वयं ही जिम्मेदारी उठानी है, तो हम रतलाम को नंबर वन जरूर बनाएंगे।

कांग्रेस नेता **राजीव रावत** ने कहा कि निगम हमेशा अभियान चलाती आई है, लेकिन कोई भी शहर तभी स्वच्छता की सीढ़ी चढ़ता है जब आम लोग, हर वर्ग अपनी भूमिका समझाकर उसमें सहभागिता करें। उन्होंने हर व्यक्ति से आव्हान किया कि इस अभियान में स्वयं भी प्रहरी बनें।

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष **प्रभु राठौर -** ने कहा कि सफाई की आदत वर्षों से बचपन से हमें सिखाई जाती है, लेकिन हम इस आदत को केवल अपने घर, दफ्तर तक सीमित रखते है। इसे आचरण में हर समय रखें और सड़क, शहर को घर सम-ऋकर उतना ही साफ रखें तभी सर्वेक्षण में हमारी सच्ची सहभागिता होगी।

रक्त मित्र और समाजसेवी **गोविंद काकानी -** ने कहा कि स्वच्छता के बिना कोई स्वास्थ, सौंदर्य, विकास संभव ही नहीं। लोगों में बहुत सुधार आया है, लेकिन हम केवल शासन के भरोसे न बैठकर स्वयं सफाई के लिए आगे आएं तो यह अभियान और देश के प्रति हमारा कर्तव्य का निर्वहन होगा।

पूर्व पार्षद और भाजपा नेता **पवन सोमानी -** ने कहा कि सफाई कोई अभियान या काम की तरह, नित दिनचर्या और आदत की तरह अपनाएं। केवल अपने घर तक सीमित न रखकर जब लोग व्यापक रूप में समझेंगे तभी हम रतलाम को आगे ले जा सकेंगे। हर व्यक्ति यहां सैनानी है जिसे रतलाम को नंबर वन बनाना है।

प्रेस क्लब पूर्व अध्यक्ष **सुरेंद्र जैन-** ने शायराना अंदाज में कहा कि जिस इंसान में स्वच्छता का भाव नहीं, वह इंसान ही नहीं। उन्होंने आव्हान किया कि हर एक व्यक्ति शहर में कचरा खुले में नहीं फैंकने और दूसरों को भी टोकने का संकल्प लें तो नंबर वन बनने से हमें कोई रोक नहीं सकता।

प्रेस क्लब अध्यक्ष **राजेश जैन** ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को स्वच्छता और सामाजित दायित्वों के प्रति चेतना मिलती है। ऐसे में जागरुकता आयोजनों का होना बहुत जरूरी है जो समय -समय पर लोगों को कर्तव्यों का भान करवाते रहें और दबंग दुनिया ने इसके लिए सार्थक प्रयास किया है।

## दबंग दुनिया के अभियान की हुई चौतरफा प्रशंसा

स्वच्छता और सामाजित चेतना के लिए आयोजित इस कार्यक्रम की यहां एकत्रित हुए सभी अतिथियों ने चौतरफा प्रशंसा करते हुए कहा कि दबंग दुनिया समूह हमेशा सामाजिक चेतना लाने में सबसे आगे रहा है। कोरोना के प्रति जागरुकता और स्वच्छता के लिए भी यह आयोजन लोगों को मोटीवेट करेगा।

## सेवा को दिया सम्मान संकल्प भी लिया

कार्यक्रम में स्वच्छता के लिए हर रोज निस्वार्थ सेवा देने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया गया। साथ ही रक्तदान, निशुल्क स्वास्थ सेवा, समाजसेवा में जुटे रहने वाले राजेश पुरोहित, प्रीति सोलंकी, अंकित पाटीदार, कमल पाटीदार, डॉ. जितेंद्र वर्मा, सांवलिया पाटीदार, अमर चौहान, कुंदन धुलिया, मुकेश ईश्वर, प्रदीप साधुराम, शबाना खान, सुनीता सोलंकी, शब्बीर भाई, मुबारिक खान, ताहिर हुसैन आदि का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संकल्पना एवं आभार ब्यूरोचीफ मुकेशपुरी गोस्वामी ने पेश की। अंत में नगर निगम के स्वास्थ अधिकारी एपी सिंह ने सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

इस दौरान वंदना पुरोहित, फैय्याज मंसूरी, राकेश परमार, जनक नागल, हर्ष दशोत्तर, वैभव व्यास, अशीम व्यास, निलेश गांधी, कुलदीप माहेश्वरी, रेलवे यूनियन नेता अशोक तिवारी, कांग्रेस नेता शेरू पठान, पत्रकार हिमांशु जोशी, किशोर जोशी, जितेंद्रसिंह सोलंकी, अनिल पांचाल, राजेश वासनवाल, समीर खान, अनिल पुरोहित, अभिषेक व्यास, कमलेश दधीची, कमल शर्मा, राजेंद्र पोरवाल, सतीश टांक, अशोक पोरवाल दबंग दुनिया के सिकंदर पटेल, दिलावरसिंह देवड़ा, प्रदीप नागौरा, राजेश सोलंकी आदि मौजूद थे। संचालन अदिति मिश्रा ने किया।

दबंग दुनीया 22/03/2021

26

# बैठक में संक्रमण नियंत्रण पर विचार विमर्श किया गया

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री चौहान के द्वारा ली गई वीसी पश्चात जिला संकट प्रबंधन समूह द्वारा बैठक करके जिले में कोरोना नियंत्रण एवं भीड़ नियंत्रण पर विचार विमर्श किया गया। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि विवाह आदि समारोह कार्यक्रमों में आयोजक इस प्रकार इंतजाम करें कि सभी आगन्तुकों को मास्क, सेनिटाईजर वितरण के लिए काउंटर स्थापित किए जाएं जहां से प्रत्येक आने वाले को मास्क और सेनिटाईजर दिए जाएं। विधायक डा. पाण्डेय ने कहा कि बगैर मास्क चालान काटते वक्त मास्क और सेनिटाईजर की छोटी बाटल भी संबंधित व्यक्ति को दी जाए। सफाई, सेनिटाईजर छिड़काव का कार्य तेजी से आरम्भ किया जाए। मास्क की कमी नहीं रहे। होलिका दहन के अवसर पर सीमित संख्या में उपस्थिति की अनुमति दी जानी चाहिए। सदस्य गोविन्द काकानी, मनोज झालानी, महेन्द्र गादिया ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने कहा कि इस सम्बन्ध में ठोस कार्य किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने भी भीड़ नियंत्रण के सम्बन्ध में उपयोगी जानकारी दी।

२१७

राज एक्सप्रेस
23/03/2021

(15)

# शासकीय भवनों पर अधूरे पड़े रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भूजल स्तर बढ़ाने के लिए बारिश के पानी को जमीन में उतारने की जरूरत है। जलशक्ति अभियान में इस बात पर जोर देते हुए शहर से लेकर पंचायत तक शासकीय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने के निर्देश दिए गए, लेकिन अधिकांश जगह नहीं लगे। जहां लगे हैं वहां पाइप फूट गए या खुले छोड़ दिए गए। कई भवनों पर सिर्फ बारिश के पानी को सड़कों और नालियों में बहाने के लिए ही पाइप लगाए गए हैं। शहर में अन्य स्थानों पर भी छत से बारिश के जल के संग्रहण के उपकरण नहीं के बराबर हैं।

मालूम हो कि नगर निगम से भी भवन निर्माण अनुमति जारी करने के दौरान रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य कर इसके लिए राशि भी जमा कराई जाती है। निर्माण पूरा होने के बाद अगर भवन स्वामी सिस्टम नहीं लगाता है तो निगम द्वारा अपने पास जमा राशि से इसका इंतजाम करने का नियम है। कई शासकीय भवन में प्रबंध नहीं किए गए हैं। जिला पंचायत का रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जर्जर हालत में है।

### अभियान चलाकर लगाना चाहिए

पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा बड़े भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए कई वर्षों से प्रयास कर रहे हैं। डागा का कहना है कि यह काम शहर में अभियान चलाकर किया जाना चाहिए। बारिश का पानी जमीन में जाता है तो गर्मी के दिनों में परेशानी नहीं आती है।

नईदुनिया

नईदुनिया 23/03/2021

# मुक्तिधाम के पास रहवासियों ने की साफ-सफाई



**रतलाम** | जवाहर नगर मुक्तिधाम के पास काफी समय से कचरा व गंदगी पसर रही थी। रविवार को स्थानीय रहवासियों ने सामूहिक रूप से मिलकर सफाई की और कचरे को एकत्र कर जलाया। रहवासियों ने चूना की लाइन बनाकर आगामी समय में यहां पौधरोपण करने की योजना बनाई है। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत के मिशन में जनता ने भी अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए योगदान दिया। राधेश्याम परमार, रचना, हेमंत कौशल, गोपी गेहलोत सहित अन्य साफ-सफाई की।

दबंग दुनिया 22/03/2021

स्वच्छ रतलाम, सुंदर रतलाम की परिकल्पना के साथ रविवार सुबह दबंग दुनिया रतलाम के तत्वावधान और नगर निगम रतलाम के सहयोग से स्वच्छता जागरुकता रैली और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आम्बेडकर सर्कल से दोबत्ती तक पैदल रैली निकाली गई। कार्यक्रम में शहर के धार्मिक गुरुओं, बुद्धिजीवि वर्ग और लोगों ने एकत्रित होकर रतलाम को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नंबर वन बनाने के लिए अपने विचार भी रखें और इस काम में जुटे लोगों का सम्मान भी किया। साथ ही संकल्प भी लिया कि हम रतलाम को साफ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाएंगे।

कार्यक्रम में छत्रिपुल स्थित आम्बेडकर सर्कल पर ब्रह्माकुमारी सेवा संस्थान की आरती दीदी ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी न रखें। जब तक विचारों और मन में भी स्वच्छता नहीं होगी तब तक जीवन में समस्या अत्याधिक होंगी। मन साफ हो तो व्यक्ति अपना घर, परिसर, शहर, देश को भी स्वतः साफ रखने के लिए प्रेरित होता है। शहर काजी जनाब आसिफ अली ने कहा कि अभियान से लोगों में काफी सुधार आया है, लेकिन नगर निगम और प्रशासन को समन्वय के साथ गड्ढों आदि की समस्या का निराकरण करना चाहिए ताकि स्वच्छता में हो रहे काम के साथ शहर सुगम भी बने। पंडित संजय शिवशंकर दवे ने कहा कि अगर लोग शीतला सप्तमी, होली, दीपावली आदि पर्वो के वास्तवित अर्थो को समझे और कहानी पढे तो पाएंगे कि हर पर्व गांव,शहर, जलाशयो की सफाई और पर्यावरण संरक्षण की ही सीख देता है।

(8)

## पॉलीथीन व डिस्पोजल आयटम चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित-निगमायुक्त

रतलाम। गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से शासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देशित किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहीत व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकॉल के डिपोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है। नागरिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तो से निर्मित बाउल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाउल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जाये। बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देष संबंधित को दिये। इन्दौर 22

इन्दौर समाचार
22/03/2021

## शहर में पॉलीथिन व डिस्पोजल आइटम चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से शासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

निगम आयुक्त बैठक में निर्देशित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहीत व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकॉल के डिपोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है। नागरिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तो से निर्मित बाउल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाउल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जाये। बैठक में निगम आयुक्त ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देष संबंधित को दिये। राज

राज एक्सप्रेस 23/03/2021

## पॉलीथीन व डिस्पोजल आयटम चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित

रतलाम । गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से षासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देषित किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देषित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहीत व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकॉल के डिपोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है। नाग्ररिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तो से निर्मित बाउल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाउल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देष संबंधित को दिये। दैप 22

(16)

मिशन में घरों के साथ-साथ स्कूलों, आंगनवाड़ियों में भी पेयजल की व्यवस्था की जा रही है

# जल जीवन मिशन से जिले के 1 लाख 2 हजार 161 घरों में पहुंचा नल से जल

**रतलाम ▪ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम जिले में शासन के जल जीवन मिशन का युद्ध स्तर पर क्रियान्वयन जारी है। मध्यप्रदेश शासन के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। उक्त अवधि में जल जीवन मिशन से जिले के 36 हजार से ज्यादा घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। मिशन का उद्देश्य जिले के प्रत्येक घर में नल से जल उपलब्ध कराना है। अब तक एक लाख से ज्यादा घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। शासन ने खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों की उन महिलाओं के दुख-दर्द को समझा है जिनको दूरदराज से अपने घर के लिए पानी लाना पड़ता है। महिलाओं की परेशानी को खत्म करने के लिए तेजी से जल जीवन मिशन पर काम किया जा रहा है। मिशन की प्रगति की नियमित समीक्षा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा की जा रही है, ताकि समयसीमा में लक्ष्य अर्जित किया जा सके।



रतलाम जिले मे 2 लाख 54 हजार 915 घरों में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। अब तक 1 लाख 2 हजार से ज्यादा घरों में घरेलू नल-जल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके है। जिले के 242 गांवों को वर्ष 2021 के लिए चिन्हांकित किया गया है जहां चालू वर्ष में नल से जल प्रत्येक घर में पहुंचाना है। इस लक्ष्य के विरुद्ध 80 गांवों में नल से जल प्रत्येक घर में पहुंचाया जा चुका है। जिले के आलोट विकासखण्ड में 14 हजार 293 घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। बाजना में 8 हजार 279, जावरा में 18 हजार 174, पिपलौदा में 20 हजार 200, रतलाम में 31 हजार 900, सैलाना विकासखण्ड में 8 हजार 160 घरों में नल के माध्यम से जल पहुंचाया जा चुका है।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 291 रेट्रोफिटिंग नल जल योजना तैयार की गई है, उनमें से 287 योजनाओं को तकनीकी स्वीकृति दे दी गई है। जिला समिति द्वारा 160 योजनाओं का अनुमोदन किया जा चुका है, इनमें से 160 योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है और सभी 160 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निविदाएं आमंत्रित कर ली गई है। इनमें से 130 निविदाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही 104 योजनाओं में एजेंसी के साथ अनुबंध किया जा चुका है। अनुबंध सम्पादित सभी योजनाओं पर कार्य आरम्भ हो चुका है।

जल जीवन मिशन में घरों के साथ-साथ स्कूलों, आंगनवाड़ियों में भी पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। जिले के 2016 स्कूलों में नल के माध्यम से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। इनमें से 1127 स्कूलों में नल के माध्यम से जल पहुंचाने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इसी प्रकार 1161 आंगनवाड़ियों में से 586 आंगनवाड़ियों के लिए निविदाएं आमंत्रित कर ली गई हैं। जिले के 1594 स्कूलों के लिए योजना स्वीकृत कर दी गई है। इसके अलावा 1066 आंगनवाड़ियों के लिए भी योजना हेतु स्वीकृति दी गई है। 2(7)

राज एक्सप्रेस 23/03/2021

(२१)

# रतलाम में वैक्सीन का स्टॉक खत्म, दोपहर दो बजे टीकाकरण बंद किया तो हंगामा

## अब बुधवार को होगा टीकाकरण

भास्कर संवाददाता | रतलाम/नीमच

कोविशील्ड की प्रदेश में निरंतर सप्लाई नहीं होने का असर रतलाम और नीमच में सोमवार को देखने को मिला। नीमच जिले में कुल 86 में से 33 केंद्र कम कर 53 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया गया। इसके बाद वैक्सीन लाने के लिए ताबड़तोड़ वैन उज्जैन भेजी जो मंगलवार सुबह तक वापस नीमच पहुंच जाएगी। रतलाम में सबसे बड़े टीकाकरण केंद्र बाल चिकित्सालय में डोज खत्म होने से 500 के लक्ष्य के अनुपात में 322 का ही टीकाकरण हो पाया। दोपहर दो बजे टीकाकरण बंद करना पड़ा तो विवाद की स्थिति बन गई।

### स्टाफ से उलझा, वैक्सीन तो लगाना पड़ेगी, ये कोई नियम नहीं होता

रतलाम में केंद्र पर खुद को एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े होने का दावा करते हुए एक व्यक्ति ने जमकर तमाशा किया। वह व्यक्ति स्टाफ से उलझता रहा। उसका कहना था वैक्सीन तो लगानी ही पड़ेगी, ऐसा कोई नियम नहीं होता है। अन्य व्यक्ति को रिजर्व डोज लगाने पर भी आपत्ति ली। केंद्र के कर्मचारियों ने बताया वह व्यक्ति नेताओं, कलेक्टर को फोन लगाने की धमकी देता रहा। इधर, कई लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए भी नहीं दिखे।

### दो केंद्रों पर 10 प्रतिशत ही हो सका टीकाकरण

जिले के दो केंद्रों पर 10% ही टीकाकरण हो सका। जिले में सबसे ज्यादा टीकाकरण रावटी में 89% और मेडिकल कॉलेज में 77 प्रतिशत हुआ। जिले के 13 केंद्रों पर 50 प्रतिशत से कम टीकाकरण हो सका। जिले में कुल 3950 लोगों को वैक्सीन लगनी थी, 1749 लोगों ने ही टीके लगवाए।

### आज हमें वैक्सीन के 5600 डोज मिल जाएंगे

*कोविशिल्ड वैक्सीन खत्म हो गई थी। मंगलवार तक 5600 डोज आ जाएंगी। दूसरा डोज 6 से 8 सप्ताह में लगेगा, इसकी गाइडलाइन मिली है।*

**वर्षा कुरील,** जिला टीकाकरण अधिकारी

### रवैया गलत लोगों को स्थिति समझना चाहिए

*डोज खत्म हो गए थे। एक व्यक्ति खुद को राजनीतिक पार्टी से जुड़ा होने की बात कहते हुए, हंगामा करने लगा। इस तरह का रवैया गलत है, लोगों को सम[illegible]*

**लोकेश वैष्णव,** केंद्र प्रभारी, बाल चिकित्सालय

---

प्रदेश में 1348 नए कोरोना के केस, जारी की नई गाइडलाइन

## इस बार घर की होली

जहां रोज 20 केस वहां गेर, जुलूस और मेलों पर रोक

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

प्रदेश में कोरोना के मामलों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए राज्य सरकार ने सोमवार को नई गाइडलाइन जारी की है, जिसके तहत ऐसे जिले जहां करोना के रोजाना 20 से ज्यादा मामले आ रहे हैं, वहां विशेष सख्ती बरतने को कहा गया है। सभी त्योहारों और सामाजिक कार्यक्रमों में लोगों की संख्या सीमित रखी जाए। जुलूस, गेर, मेले आदि आयोजित नहीं किए जाएं। जनसुनवाई के कार्यक्रम 30 अप्रैल तक स्थगित रख सकते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कुछ सप्ताह यह अभियान निरंतर चले। राज्य सरकार ने जो व्यवस्थाएं तय की हैं, उनका पालन करें। 'मेरी होली-मेरे घर' के नारे को लागू करें। अन्य त्योहार भी परिवार के स्तर पर ही मनाएं। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। कोरोना से आमजन को जागरूक करने के लिए मंगलवार से आगामी एक सप्ताह तक सुबह 11 और शाम को 7 बजे शहरी क्षेत्रों [illegible] / भवनों पर स्थापित हो या पुलिस वाहन पर) 2 मिनट के लिए बजाए जाएंगे। यह आम जनता को जागरूक करने के लिए किया जाएगा।

सायरन बजने का समय मोबाइल के नेटवर्क टाइम से सेट किया जाए, ताकि एक साथ बजें। सुबह 11 बजे सायरन बजने के बाद जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से शहरों में चलाए जा रहे रोको-टोको अभियान अंतर्गत अभियान के तहत गतिविधियों को संचालित करेंगे। अशोकनगर में करीला माता मेला आयोजित नहीं किया जाएगा। ग्वालियर मेला स्थगित के बारे में गृह विभाग आदेश जारी करेगा। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि चूंकि मंगलवार को हमारी सरकार का एक साल पूरा हो रहा है। इस उपलक्ष्य में राजधानी के मिंटो हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जहां से मुख्यमंत्री किसानों के खाते में दो हजार करोड़ रुपए हस्तांतरित करेंगे। इस दौरान इंदौर और भोपाल को छोड़ अन्य जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जहां जिले में 1 हजार, अनुभाग में 500 और ब्लाक में 250 की संख्या सीमित रहेगी।

दै. भास्कर 23/03/2021

(9)

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नही पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जावे

इन्दौर समाचार 22/03/2021

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नही पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

## अनुपस्थित 11 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 21 मार्च रविवार को बिना सूचना के 11 सफाई संरक्षको द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## अनुपस्थित 17 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्यो के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 20 मार्च शनिवार को बिना सूचना के 17 सफाई संरक्षको द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## अनुपस्थित 11 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। नगर निगम के चारों जोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में रविवार को बिना सूचना के 11 सफाई संरक्षक कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सभी का एक दिन का वेतन काटकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

(23)

**नई गाइडलाइन जारी : 20 से अधिक लोग जुटाने पर लेनी होगी अनुमति**

# प्रदेश में लॉकडाउन नहीं चाहती सरकार, जागरूकता के लिए अब बजेगा सायरन

## महाराष्ट्र से सटे जिलों में अतिरिक्त सावधानी के निर्देश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि बड़ी मुश्किल से अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाए हैं। अब सतर्कता रखें, जिससे लॉकडाउन न लग सके। शिवराज ने सोमवार को जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया। इसमें शिवराज ने कहा कि हर जिले में सुबह 11 बजे और शाम सात बजे सायरन बजाएं और मास्क के प्रति सजगता बढ़ाएं। इसके बाद देर शाम गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने नई गाइडलाइन जारी कर दी। इसमें प्रतिदिन दो बार दो मिनट तक सभी सरकारी भवनों, वाहनों सहित अन्य स्थानों से सायरन बजाने के निर्देश दिए हैं। सायरन उन शहरों में बजेगा, जहां रोज 20 केस मिल रहे हैं।



**भगोरिया की धूम**

निमाड़ में आदिवासियों के लोकपर्व भगोरिया की धूम शुरू हो गई है। सोमवार को पहले दिन युवाओं की टोलियां सज-धजकर मेले में पहुंचीं। पारंपरिक मांदल ढोल की थाप पर सभी ने खूब आनंद उठाया। हालांकि कोरोना के बीच हो रहे इस मेले में मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग गायब थी। इसको लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी लापरवाह नजर आए।

### ये बोले शिवराज

1. कोराना रोकने जनजागरुकता फैलाएं।
2. महाराष्ट्र से लगे जिलों में सावधानी बढ़ाएं।
3. बैठक में 20 से अधिक लोगों को बुलाने जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की अनुमति अनिवार्य।
4. जरूरत के हिसाब से स्व सहायता समूहों से मास्क बनवाएं।

### ऐसी है स्थिति

प्रदेश में कोरोना के आधे मामले दो बड़े शहर इंदौर और भोपाल में ही मिल रहे हैं। इंदौर और भोपाल शहर का प्रतिशत प्रदेश के कुल प्रकरणों का क्रमश: 27 और 25 है।

निर्देश दिए गए हैं कि तीन महीने में वैक्सीनेशन का टारगेट पूरा किया जाए। होली घर पर ही खेली जाए। कोशिश को ही कोरोना को अब न बढ़ने दें।

### गाइडलाइन में ये निर्देश

- रोको टोको अभियान प्रमुखता से चलाया जाए, स्वसहायता समूहों को इससे जोड़ा जाए।
- 20 से कम केस वाले जिलों में कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर निर्णय हो।
- कलेक्टर जनसुनवाई स्थगित करें। मेले-जुलूस न हों। लोगों को जागरुकता फैलाएं।
- महाराष्ट्र से आवश्यक वस्तुओं के अलावा बाकी आवागमन प्रतिबंधित रहे।
- 20 से ज्यादा औसत केस वाले जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में सीमित संख्या में लोग रहें।
- मास्क उन्हें मुफ्त दिए जाएं, जिन पर मास्क न पहनने का जुर्माना लगे।

**किस जिले ने क्या बताया**

रतलाम के अफसरों ने बताया कि राजस्थान और गुजरात सीमाओं के कारण सतर्कता बरती जा रही है। अशोक नगर में होली के अवसर पर होने वाला करीला मेला स्थगित करने के लिए कहा गया है। निवाड़ी के अफसरों ने कहा कि झांसी में काफी संक्रमित लोग हैं, इसलिए सावधानी बरत रहे हैं।

पत्रिका 23/03/2021

# शास्त्री नगर में आज लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 20 व 22 मार्च को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 25 से 26 मार्च तक स्टेशन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिये 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है। निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

इन्दौर २२

# शास्त्री नगर में आज लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपतिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगें।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 20 व 22 मार्च को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 25 से 26 मार्च तक स्टेशन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिये 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है।

सिंधाम -२२

(1)

# स्वच्छ अभियान : कभी भी आ सकती है सर्वे टीम, अमला अलर्ट

## 15 अप्रैल तक चलेगा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021


भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई की परीक्षा को लेकर नगर निगम का अमला अलर्ट मोड पर आ गया है। वजह स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 शुरू होना है। जिले की कुछ नगरीय निकायों में टीम गुपचुप सर्वे कर गई है। अब बारी नगर निगम की है इसलिए आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित पूरा स्वास्थ्य अमला मैदान में डटा हुआ है। आयुक्त झारिया के अनुसार टीम कभी भी आ सकती है इसलिए पूरा फोकस मैदानी काम और अमले पर है। शहर में काफी अच्छा माहौल है। नागरिकों का भी सहयोग मिल रहा है। इस बार निश्चित रूप से अच्छी रैंक बनेगी।

## अब तक शहर में 24 वार्ड जीरो वेस्ट बने

शहर के 49 में से अब तक 24 वार्ड जीरो वेस्ट बन चुके हैं। इनमें 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41, 42, 43, 44, 45 और 46 हैं। इनमें स्व सहायता समूह की महिलाएं घर-घर से कचरा इकट्ठा कर रही हैं। गीले कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड, जबकि सूखे को महिलाएं वार्ड में ही अलग-अलग कर कबाड़ियों को बेचकर मुनाफा कमा रही हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि अप्रैल तक सभी 49 वार्ड को जीरो वेस्ट बना दिया जाएगा।

## सूखा व गीले कचरे को लेकर जागरुकता आई



बोहरा बाखल क्षेत्र में महिलाएं अब खुद कलेक्शन गाड़ियों में व सूखा कचरा अलग-अलग डालने लगी है। भास्कर

## दो दुकानदारों पर 2000 रु. का जुर्माना, जूते-चप्पल की दुकान सील

माणकचौक के दुकानदार हितेश और विजय गांधी द्वारा रात में दुकान बंद करते समय खुले में कचरा डालने पर नगर निगम अमले ने 2000 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही दोनों की दुकानें सील कर दी गई हैं। इसके अलावा गंदगी करने पर चंद्रप्रकाश माणकचौक पर 500 रुपए, मुकेश इंडस्ट्रीज एरिया पर 100 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया।

**11 सफाई कर्मचारियों का वेतन काटा :** सफाई कार्य से बिना अनुमति गैर-हाजिर मिलने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 11 सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। नोटिस में अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने तथा स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में जवाब भी मांगा है।

**ड्राइवर और स्वच्छता दीदियों का सम्मान:** रविवार को सुभाष नगर मांगलिक हाल में स्वच्छता अभियान में जुटे ड्राइवर और स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। इनमें वार्ड 15 के सफाई मित्र अनिल चौहान, वाहन चालक निर्मल छपरी, मुस्तकिम खान, चत्तरसिंह, शुभम पैमाल, कैलाश कटारा, नूर मोहम्मद, मनोज मल्होत्रा, मुकेश यादव, सादिक कुरैशी, मुकेश पंवार, रामभजन बाली, परवेज खत्री, जितेन्द्र तोमर, जितेन्द्र सिंदल गौरव भाटी और पवन बारुपाल शामिल हैं।

दे. भास्कर 23/03/2021

(3)

दबंग दुनिया द्वारा आयोजित स्वच्छता जागरूकता रैली और सम्मान समारोह में साथ आए शहरवासी

# हम बनाएंगे रतलाम को नंबर-1

# स्वच्छ, सुंदर, सेहतमंद का लिया संकल्प






9/01/22

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम


# 50000 की दहलीज पर नए मरीज

**14 माह के कोरोनाकाल में मरीज बढ़ने की यह सबसे तेज रफ्तार**


## नए कोरोना मरीज 1 मार्च के बाद 12 से 47 हजार हुए, 22 दिन में 4 गुना बढ़े

पिछले साल 22 दिन में मरीज 12 से 24 हजार हुए थे, यानी 2 गुना बढ़े थे

1 से 22 मार्च तक 300% ग्रोथ





17 जून-8 जुलाई 2020 (22 दिन) 95% ग्रोथ




...पिछले साल जब नए मरीज बढ़ने की रफ्तार अभी से आधी थी।

**चिंता...** इन 22 दिनों में रोज होने वाले टेस्ट सिर्फ 25% बढ़ाए गए




**उम्मीद...** इन 22 दिनों में रोजाना टीके 300% से ज्यादा बढ़ गए हैं




# कोविशील्ड की दूसरी डोज अब 6 से 8 हफ्ते के बीच, वैक्सीन का प्रभाव बढ़ेगा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली. कोविड-19 वैक्सीन कोविशील्ड की दो डोज के बीच अंतराल की अवधि को केंद्र सरकार ने संशोधित किया है। अब कोविशील्ड की पहली डोज के बाद दूसरी डोज 6 से 8 हफ्ते के बीच लगाई जाएगी। अभी यह अंतर 4 से 6 हफ्ते है। संशोधित समय का फैसला केवल कोविशील्ड पर लागू होगा, कोवैक्सीन पर नहीं। मालूम हो, कोविशील्ड को भारत का सीरम इंस्टीट्यूट बना रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सोमवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर ये निर्देश दिए हैं। बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 46,951 नए केस मिले। इनमें सबसे ज्यादा 30,535 केस महाराष्ट्र में मिले। देश के 84.49% केस महाराष्ट्र समेत छह राज्यों पंजाब, केरल, कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश में मिले हैं। शेष|पेज 6 पर

### ऐसे समझें कोविशील्ड का हिसाब

अब तक वैक्सीनेशन (4 से 6 हफ्ते)

| पहली डोज | दूसरी डोज | एंटीबॉडी विकसित |
|---|---|---|
| पहला दिन | 28 दिन | कुल 42 दिन (6 हफ्ते) बाद |
| पहला दिन | 42 दिन | कुल 56 दिन (8 हफ्ते) बाद |

अंतराल बढ़ाने के बाद (6 से 8 हफ्ते)

| पहली डोज | दूसरी डोज | एंटीबॉडी विकसित |
|---|---|---|
| पहला दिन | 42 दिन | कुल 56 दिन (8 हफ्ते) बाद |
| पहला दिन | 56 दिन | कुल 70 दिन (10 हफ्ते) बाद |

- अब तक 6 हफ्ते से पहले दूसरी डोज जरूरी थी। नए अंतराल में यह समय 8 हफ्ते होगा। दूसरी डोज के 14 दिन बाद एंटीबॉडी बनने लगती है।

23/3/21



# जल शक्ति अभियान 'केच द रेन' का शुभारंभ, जल संग्रहण पर हुई चर्चा

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर जल शक्ति अभियान केच द रेन' का शुभारम्भ किया गया।

अभियान आगामी 30 नवम्बर तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का उद्बोधन देखा व सुना गया। रतलाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में इस दौरान विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना राजेन्द्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी.के. गोगादे आदि उपस्थित थे। अभियान के शुभारम्भ के साथ ही 22 मार्च को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। वर्षा जल संग्रहण पर चर्चा की गई।

राज एक्सप्रेस 23/03/2021

# जल शक्ति अभियान 'केच द रेन' का किया शुभारंभ



रतलाम @ पत्रिका. विश्व जल दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 मार्च को पर जल शक्ति अभियान केच द रेन' का शुभारंभ किया गया। अभियान आगामी 30 नवम्बर तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर रतलाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री का उद्बोधन देखा व सुना गया। इस दौरान विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी.के. गोगादे आदि उपस्थित थे। अभियान के शुभारम्भ के साथ ही 22 मार्च को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। वर्षा जल संग्रहण पर चर्चा की गई।

(6)

# रतलाम को स्वच्छता के सभी घटकों में नम्बर-1 बनाएं

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रविवार को विशेष कार्यक्रम में वाहन चालकों और स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया

प्रसारण न्यूज • रतलाम



स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने कहा है कि रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वास्थ्य अमले जी जान से जुटा हुआ है। आयुक्त सोमनाथ झारिया के नेतृत्व व मार्गदर्शन में हर स्वास्थ्य विभाग से जुड़े जमीनी कर्मचारी स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 को तहत वे तमाम प्रयास कर रहे है ताकि रतलाम को स्वच्छता के सभी घटकों में नं-1 बनाया जा सके। हमारे सफाई संरक्षक, स्वच्छता दीदी, कचरा वाहन चालक, हेल्पर और रैग पिकर्स आदि के सहयोग से शहर का प्रत्येक वार्ड जीरो वेस्ट में तब्दील होगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 के तहत रविवार को विशेष थीम पर शहर के सुभाष नगर स्थित नवनिर्मित मांगलिक हाल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के साथ ही स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, मनीष तिवारी आदि भी उपस्थित रहे।

आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर एपीसिंह ने कहा कि शहर में स्वच्छता का लेकर जागरुकता तेजी से बढ़ी है। किन्तु कुछ नागरिक एवं दुकानदारों द्वारा आज भी अपने घरों व दुकानों का कचरा सार्वजनिक स्थलों या ऐसी जगह पर फेंक रहे है जो स्वच्छता को प्रभावित करते है। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए स्पॉट फाईन सहित अन्य उपाय भी निरन्तर जारी है।

इस मौके पर सिंह ने कचरा वाहन चालक, हेल्पर, स्वच्छता दीदियों के नाम आयुक्त सोमनाथ झारिया का संदेश भी पढ़ कर सुनाया। कार्यक्रम के दौरान रहवासी संघ के माध्यम से लोगों को कचरा पृथकीकरण के उपाय बताए गए। इसके साथ ही घरों में काम करने वाली महिलाओं को भी कचरा अलग-अलग करने का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रसारण

प्रसारण 23/03/2021

# नंबर वन रैंक के लिए कर रहे हरसंभव प्रयास

नईदुनिया

रतलाम। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला जी जान से जुटा हुआ है। आयुक्त सोमनाथ झारिया के नेतृत्व व मार्गदर्शन में हर स्वास्थ्य विभाग से जुड़े जमीनी कर्मचारी स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन रैंक के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रविवार को विशेष थीम पर शहर के सुभाष नगर स्थित नवनिर्मित मांगलिक हाल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के साथ ही स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, मनीष तिवारी भी उपस्थित रहे। सिंह ने कहा कि शहर में स्वच्छता को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ी है, लेकिन कुछ नागरिकों व दुकानदारों द्वारा आज भी अपने घरों व दुकानों का कचरा सार्वजनिक स्थलों या ऐसी जगह पर फेंक रहे हैं, जो स्वच्छता को प्रभावित करते हैं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए स्पाट फाइन सहित अन्य उपाय निरंतर जारी है। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में कचरा संग्रहण वाहन चालकों का सम्मान अनिल पांचाल ने पुष्पमाला पहनाकर किया। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, किरण चौहान व मनीष तिवारी ने प्रमाण-पत्र भेंट किए। वार्ड क्रमांक 15 सुभाषनगर के सफाई मित्र अनिल चौहान के अलावा वाहन चालक निर्मल छत्री, मुस्तकिम खान, चंदरसिंह, शुभम पैमाल, कैलाश कटारा, नूर मोहम्मद, मनोज मल्होत्रा, मुकेश यादव, सादिक कुरैशी, मुकेश पंवार, रामभजन वाली, परवेज खत्री, जितेंद्र तोमर और पवन बागपाल का सम्मान किया गया।

नईदुनिया 23/03/2021

(10)

जलकर व संपत्तिकर के मामले में पीछे

# लक्ष्य से अब भी दूर कर वसूलने में नगर निगम

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. नगर निगम कोरोना काल के बाद कर वसूली के लिए लगातार शिविर का आयोजन कर रहा है, लेकिन अब भी कर वसूली के लक्ष्य से पिछे है। शहर में 27 मार्च तक इन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जलकर के लिए 14 करोड़ तो संपत्तिकर के लिए 15 करोड़ रुपए का लक्ष्य वर्ष 2021-22 के लिए तय किया गया था, लेकिन वित्तिय वर्ष समाप्ती के एक सप्ताह शेष में आधी वसूली भी नगर निगम नहीं कर पाया है।

शहर में अब तक 62,31,144 रुपए संपत्तिकर व 13,43,910 जलकर जलकर जमा हुआ है। शहर में नगर निगम के रिकार्ड में करीब 38 हजार पेयजल के कनेक्शन के उपभोक्ता है। इनमे 36 हजार घरेलू तो शेष दो हजार व्यवसायीक उपभोक्ता है। संपत्तिकर में भी कई बड़े नाम बकायादार है। शहर में 10 हजार से अधिक अवैध नल कनेक्शन है। तत्कालीन आयुक्त एसके सिंह के समय इनके खिलाफ अभियान चलाया गया था, लेकिन जुलाई 2020 में उनके तबादले के बाद यह अभियान नगर निगम ने बंद कर दिया। इतना ही नहीं, सागोद ग्राम पंचायत द्वारा जो करीब 25 लाख रुपए से अधिक का बकाया पेयजल कर है। अब बकायादार की संपत्ति को जब्त करने की बात तो की जा रही है, लेकिन अवैध नल कनेक्शन को काटने के लिए फिलहाल कोई योजना नहीं बनाई गई है।

27 मार्च तक नगर निगम के शिविर चल रहे है। इसके अलावा 31 मार्च तक कर जमा किया जा सकेगा। इसके बाद बकायादार के खिलाफ सख्त अभियान चलेगा। बेहतर है अभियान चलने के पूर्व ही बकाया जमा किया जाए। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 23/03/2021

(२५)

वीसी के माध्यम से कलेक्टर व जिला संकट प्रबंधन समूह से सीएम ने की चर्चा

# सीएम बोले- जनता को कोरोना से बचाने के लिए जरूरी है जागरुकता अभियान

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** प्रदेशवासियों को हर स्थिति में फिर से फैल रहे कोरोना संक्रमण से बचाना है। इसके लिए जन-जागरूकता अभियान जरूरी है। मेरी सुरक्षा-मेरा मास्कपर पालन करते हुए हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के लिए मास्क का उपयोग करना है। प्रदेश में जागरूकता अभियान शुरू किया जा रहा है। अधिकारी हों या जन-प्रतिनिधि या फिर आम नागरिक, सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। कोरोना का कहर गहरा हो इसके पहले हमें अपने सुरक्षात्मक प्रयास तेज करने होंगे। ये बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सोमवार वीसी के माध्यम से कलेक्टर सहित जिला संकट प्रबंधन समूह के सदस्यों से कही।

रतलाम में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामलों को देख सीएम ने कलेक्टर सहित सभी सदस्यों को आमजन को जागरूकर कर संक्रमण को फैलने से रोकने की बात कही। इसके अंतर्गत प्रदेश सहित रतलाम में मंगलवार 23 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे और शाम 7 बजे सायरन बजने पर सभी लोग दो मिनिट कार्य रोक कर मास्क पहनें और अन्य लोगों को भी मास्क के उपयोग के लिए प्रेरित करने की बात सीएम ने कही है। सीएम ने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए मास्क ही सबसे महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाए।

बीस व्यक्तियों से अधिक की भागीदारी होने पर उस कार्यक्रम या बैठक की अनुमति जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा प्रदान करने का निर्णय लिया जाए। इसके साथ ही मेलों और अन्य उत्सवों के संबंध में भी जिले के परिस्थिति अनुसार स्थानीय स्तर पर आवश्यक निर्णय लिया जाए। सीएम ने कहा कि जिलों में फेस मास्क की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। जहां जरूरी हो पर्याप्त संख्या में मास्क आपूर्ति के लिए जिला स्तर पर स्व-सहायता समूहों से मास्क बनवाएं और उनका उपयोग सुनिश्चित करें।



### राजस्थान व गुजरात से सरकार से करें चर्चा

जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय ने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि कोविड संक्रमण बढ़ रहा है। रतलाम जिले से राजस्थान, गुजरात की सीमा लगती है, उन दोनों राज्य सरकारों से चर्चा करके वहां से रतलाम जिले में आवागमन में कमी लाने का प्रयास किया जाए। सफाई और सैनेटाइजर छिड़काव में तेजी लाई जाए। साथ ही स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में मास्क उपलब्ध कराए जाए।

### धर्मगुरु भी करें सहयोग

सीएम ने कहा कि लोगों को मास्क लगाने की अपील करें। इसके अलावा सभी जन-प्रतिनिधि जैसे सांसद, विधायक अनिवार्य रूप से नागरिकों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें। इस कार्य में सामाजिक संगठन भी सक्रिय हों। एन.एस.एस और एन.सी.सी. जैसे संगठनों के कार्यकर्ता भी जुटें।

पत्रिका

### बरती जा रही सर्तकता

क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा बताया कि राजस्थान और गुजरात सीमाओं के कारण सतर्कता बरती जा रही। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि विवाह आदि समारोह कार्यक्रमों में आयोजक इस प्रकार इंतजाम करें कि सभी आगन्तुकों को मास्क, सेनिटाईजर वितरण के लिए काउंटर स्थापित किए जाएं, जहां से प्रत्येक आने वाले को मास्क और सेनिटाईजर दिए जाएं। विधायक डा. पाण्डेय ने कहा कि बगैर मास्क चालान काटते वक्त मास्क और सेनिटाईजर की छोटी बाटल भी संबंधित व्यक्ति को दी जाए।

### लॉकडाउन की ओर नहीं ले जाना है

सीएम ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्वयं मास्क लगाएं और इसका फोटो मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा स्लोगन के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट भी करें। इस प्रचार अभियान का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। हमें मध्यप्रदेश को लॉक डाउन की ओर नहीं ले जाना है। प्रदेश में बहुत मुश्किल से अर्थ-व्यवस्था-को पटरी पर लाने का कार्य हुआ है। छोटे कारोबारियों और रोज कमाने-खाने वालों को बढ़ते कोरोना संक्रमण से सर्वाधिक हानि होती है।

होलिका दहन के अवसर पर सीमित संख्या में उपस्थिति की अनुमति दी जानी चाहिए।

पत्रिका
23/03/2021

13

# मुखर्जी नगर में आज से लगेगा आवास मेला, सपनों का घर खरीदने का सुनहरा अवसर

रतलाम । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में निर्मित 94 एमआईजी फ्लेटों का ऑन लाईन निविदा के माध्यम से विक्रय किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा आज 22 मार्च सोमवार से प्रातः 10 से सांय 6 बजे तक आवा मेला महोत्सव आयोजित किया गया है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में शानदार लोकेशन पर 94 एमआईजी फ्लेट निर्मित है जो 2 बीएचके के होकर सुपर बिल्ट-अप एरिया 91.23 वर्ग मीटर है जिसका आरक्षित मूल्य रूपये 22 लाख रूपये है तथा ऑन लाईन विक्रय हेतु ई-टेंडर अपलोड करने की अंतिम तिथि 30 मार्च है।

नगर निगम नागरिकों से अपील की जाती है कि एमआईजी फ्लेट क्रय करने हेतु 22 व 23 मार्च को आयोजित किये गये आवास मेला महोत्सव में कोविड-19 के दिशा निर्देशों के पालन के साथ उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है व फ्लेट देख सकते है। तेज 22

तेज एक्सप्रेस 22/03/2021

## आज से लगेगा आवास मेला

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में निर्मित 94 एमआईजी फ्लेटों का ऑन लाईन निविदा के माध्यम से विक्रय किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा आज से प्रातः 10 से सांय 6 बजे तक आवा मेला महोत्सव आयोजित किया गया है।

इन्दौर 22

(२२)

# सख्ती... कोरोना एक्टिव केस में प्रदेश के टॉप-5 शहरों में शामिल हुआ रतलाम, अब बस में बिना मास्क यात्री मिले तो ड्राइवर-कंडक्टर के लाइसेंस होंगे निरस्त

**37 नए पॉजिटिव मिले : होटल-मैरिज गार्डन ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया तो होंगे बंद, होलिका दहन में 20 से 25 लोग शामिल हो सकेंगे; अंतिम संस्कार में 20 लोग रहेंगे**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना बेकाबू हो चुका है। जिस बात का डर था, वह हो गया है, एक्टिव केस के मामले में हम प्रदेश के टॉप-5 शहरों में आ चुके हैं। इधर अब आज से सख्ती भी बढ़ रही है। अंतिम संस्कार में 20 से ज्यादा लोग शामिल नहीं होंगे। वहीं बस में यदि लापरवाही मिलती है तो ड्राइवर और कंडक्टर के लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। होलिका दहन में भी 20 से 25 लोग ही एकत्र हो सकेंगे। इसके लिए भी पहले से लिखित में नाम देना होंगे।

सोमवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने वीसी में स्पष्ट कर दिया है कि मास्क को लेकर रवैया सख्त रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि वाहनों में यात्रियों के मास्क नहीं पहनने पर संबंधित कंडक्टर जिम्मेदार होगा। चालान राशि की वसूली कंडक्टर से की जाएगी। बसों के अलावा मैजिक व ऑटो रिक्शा भी इस दायरे में आएंगे। कलेक्टर ने कहा कि जिला परिवहन अधिकारी सख्ती से चेकिंग करें। बगैर मास्क के यात्री मिलने पर बसों के ड्राइवर के लाइसेंस, कंडक्टर के लाइसेंस निरस्त करें। परमिट निरस्त किए जाएं, बसें भी जब्त करें। यदि दुकानदार मास्क नहीं पहनता है तो दुकान बंद कर दी जाएगी। पेनल्टी भी वसूली जाएगी। दुकान के बाहर सोशल डिस्टेंसिंग के लिए गोले बनाए जाएं। वीसी में एसपी गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एएसपी सुनील पाटीदार, इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम एमएल आर्य, अभिषेक गहलोत मौजूद रहे।

भास्कर

## ये भी हुए फैसले : अब शादियों के आयोजन बिना इजाजत नहीं हो सकेंगे

- होलिका दहन पर 20 से 25 व्यक्तियों की स्थल पर अनुमति रहेगी, उनके नाम लिखित में लिए जाएंगे।
- विवाह के आयोजन बगैर अनुमति नहीं होंगे। जिस मैरिज गार्डन या होटल में वैवाहिक कार्यक्रम होगा, वहां पहले प्रशासन निरीक्षण करेगा।
- विवाह में अनुमति की सीमा अधिकतम 200 व्यक्तियों की रहेगी। मैरिज गार्डन, होटल के एंट्री पॉइंट पर परिसर संचालक द्वारा मास्क और सैनिटाइजर उपलब्ध रखना होंगे।
- एक घंटे में मैरिज गार्डन तथा होटल परिसर में सोडियम हाइपोक्लोराइड से सफाई की जाएगी, गेट पर हाथ धुलाई की व्यवस्था की जाना होगी। संचालक यह सुनिश्चित करेगा कि अंदर जाने वाला व्यक्ति और बाहर आने वाला व्यक्ति मास्क पहने हो।
- अंतिम संस्कार में 20 से अधिक व्यक्ति शामिल नहीं होंगे, उठावना चलित रहेगा।
- त्योहारों पर मेला, गेर, जुलूस आदि प्रतिबंधित रहेंगे। सब्जी मंडियों में मास्क नहीं पहनने वालों पर पेनल्टी होगी।
- बैंक शाखाओं में भी टीम जाकर निरीक्षण करेगी।

## कंटेनमेंट से बाहर मिले तो 2 हजार रुपए की पेनल्टी

कलेक्टर ने कहा जिस घर से भी कोरोना पैशेंट आता है, कम से कम उस घर को कंटेनमेंट बनाया जाएगा। उस घर से जो भी व्यक्ति बाहर मिलेगा, उसके विरुद्ध 2 हजार रुपए की पेनल्टी की जाएगी। दूसरी बार बाहर पाए जाने पर एफआईआर की जाएगी। खान-पान की दुकानों पर भीड़ नहीं रहेगी। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। कोरोना की रोकथाम में समाज के सभी संगठनों, वर्गों, धर्मगुरुओं का सहयोग लिया जाए।

# सभी वार्ड चरणबद्ध तरीके से बनेंगे जीरो वेस्ट वार्ड

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वही स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। 21 मार्च की स्थिति में नगर के 18 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है रतलाम नगर को स्वच्छता मे देश में नम्बर 1 बनाने के नागरिकों व निगम कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए 22 मार्च सोमवार से वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जाकर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी एक सप्ताह में नगर के सभी वार्डो को चरणबद्ध तरीके से जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाकर संपूर्ण रतलाम नगर को जीरो वेस्ट नगर बनाया जायेगा।

## आयुक्त ने दी जानकारी

निगम आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में जिन वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है उन वार्डो की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूखे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है। जीरो वेस्ट वार्ड 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 के भी नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरो एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जायेगा।

निगम आयुक्त ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाऐं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिये अपने बच्चों के साथ जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डो में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लब्स, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है। इन्हे वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा। २।५

राज एक्सप्रेस 23/03/2021

(18)

# विषम हालात में भी विकास कार्य किए, कोरोना को रोका : काश्यप

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता संभाली, तब प्रदेश कोरोना के भीषण काल से गुजर रहा था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम पिछले साल प्रदेश को कोरोना महामारी से बचाने में सफल हुए। शुरुआत में ही प्रदेश में प्रतिदिन 33 हजार टेस्टिंग की जाने लगी।

प्रदेश सरकार का एक साल पूरा होने पर आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बात शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने कही। काश्यप ने कहा कि रतलाम भी कोरोना से जंग लड़ने में सफल रहा। अप्रैल 2020 में हम रतलाम में टेस्टिंग मशीन लाने में सफल हुए। आज हम प्रतिदिन 600 टेस्टिंग कर पा रहे हैं। रतलाम निवासी कई प्रवासी मजदूर जब कोरोना काल में बरसों से जम्मू से निकले, तो राजस्थान सरकार ने उन्हें कोई सुविधा प्रदान नहीं की और वे पैदल ही अपने निवास की ओर जाने को मजबूर हुए। ऐसे में हमने उन्हें अपने निवास तक पहुंचने के लिए साधन उपलब्ध करवाए।

**कांग्रेस सरकार ने संबल हितग्राहियों को किया अपात्र :** विधायक काश्यप ने कहा कि भाजपा के पूर्व शासन काल में शहर में संबल कार्ड के लिए 39 हजार लोगों को पात्र पाया था। बाद में कमलनाथ सरकार ने 23 हजार हितग्राहियों को बिना वजह अपात्र कर दिया। सरकार ने फिर से इन 23 हजार हितग्राहियों को नगर निगम के माध्यम से पात्र करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**प्रदेश हित में रहा कमलनाथ का जाना :** भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि किसानों को लेकर झूठे वादे करने वाली कमलनाथ सरकार की हिंदू तथा राष्ट्र विरोधी मानसिकता के चलते इस सरकार का जाना प्रदेश के हित में था।

**ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों की स्वीकृति मिली :** रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 57 गांवों में नौ हजार नल कनेक्शन देने हेतु 35 करोड़ का प्रविधान किया गया है। बजट में मोरवनी के समीप ओवरब्रिज निर्माण हेतु 28 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इस दौरान जिला महामंत्रीद्वय मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित, करण धीर्य बड़गोल्या, आदित्य डागा, कृष्ण कुमार सोनी, देवीलाल गुर्जर, राकेश पाटीदार, राजेंद्र लाला जाट, गोविंद काकानी, सोमेश पालीवाल भी मंचासीन रहे।

## जल्द शुरू होगा मेडिकल कालेज का अस्पताल

सभी नगर निगमों के क्षेत्र के लिए आगामी पांच सालों की विकास की योजना बनाई है। रतलाम की योजना में 75 करोड़ हवाई पट्टी को हवाई अड्डे में तब्दील करने के लिए तथा रतलाम की सड़कों के निर्माण के लिए साढ़े आठ करोड़ रुपये का प्रविधान भी किया गया है। मेडिकल कालेज में अगले दो से तीन महीने में 750 बिस्तरों वाला अस्पताल प्रारंभ हो जाएगा। हमने सर्वे के माध्यम से 2472 आवासहीन परिवारों को चिन्हित किया था, जिनमें 1000 परिवारों को आवास मिल पाए है। शेष सभी आवासहीन परिवारों को पट्टे उपलब्ध करवाने का काम शुरू किया है।

नईदुनिया 23/03/2021

(14)

# सुभाष नगर ब्रिज : 82 प्रभावितों को थमाया नोटिस

## 12 प्रभावित पहले ही घर खाली कर तोड़ चुके

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सुभाष नगर फ्लाईओवर ब्रिज के सुस्त पड़े काम में तेजी लाने के लिए सेतु विकास निगम हरकत में आ गया है। ब्रिज के दायरे में आ रहे 108 मकान व दुकान आ रही है। इन्हें लगभग 10.50 करोड़ का मुआवजा भी बंट चुका है। बावजूद इसके 82 प्रभावित जगह नहीं छोड़ रहे थे। इस कारण काम में रुकावट आ रही थी। सोमवार को निगम सभी को नोटिस दे दिए हैं। इसमें जगह खाली करने के लिए 8 दिन का समय दिया है। नोटिस देने की कार्रवाई सेतु विकास निगम एसडीओ आरके गुप्ता की देखरेख में हुई।

आरके गुप्ता एसडीओ-सेतु विकास निगम ने बताया प्रभावितों को मकान व दुकान खाली करने के लिए नोटिस दे दिए हैं। इससे काम में तेजी आएगी। सभी पिलर बन चुके हैं। बिजली लाइन और पोल भी शिफ्ट होना है। इसके लिए रिवाइज एस्टीमेट भेज रखा है।

## रहवासियों की सुविधा के लिए दोनों तरफ 6 अंडरपास भी बनेंगे

फ्लाईओवर सुभाष नगर से लेकर कॉमर्स कॉलेज तक लगभग 744 मीटर लंबा बनना है। इसमें से रेलवे फाटक के ऊपर वाला 72 मीटर लंबा हिस्सा रेलवे बनवा रहा है, जबकि दोनों तरफ का 672 मीटर लंबा हिस्सा सेतु विकास निगम बनवा रहा है। इन्हीं दोनों तरफ के ढलान वाले हिस्से में 3-3 अंडर पास भी बनेंगे। सुभाष नगर, राजेंद्र नगर, कॉमर्स कॉलोनी के आसपास के इलाकों के रहवासियों को आवाजाही में सुविधा देने के लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने अंडर पास बनाने का सुझाव दिया था। ये अंडर पास 14 मीटर चौड़े होंगे। ब्रिज में कुल 13 पिलर बनाए जा रहे हैं।

**18 प्रभावितों ने लगा रखी है आपत्ति**-राजस्व विभाग ने नवंबर, दिसंबर में प्रभावितों को मुआवजा बांटना शुरू किया था। इसके बाद मुआवजा राशि कम देने को लेकर 18 प्रभावित ने आपत्ति लगाई थी। उसका निपटारा करने के लिए पटवारी मकानों की फिर से नपती कर चुका है।

दै. भास्कर 23/03/2021

(25)

# पहली बार एक साथ 45 नए मरीज मिले

सिंघम 22

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

जिले में कोरोना संक्रमण लगातार पैर पसार रहा है। संक्रमण रोकने के लिए अब सैंपलिंग भी बढ़ा दी गई है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर 600 से ज्यादा सैंपल लिए जा रहे हैं। रविवार को 45 नए मरीज मिले। इस साल एक दिन में मिलने वाले मरीजों की यह सर्वाधिक संख्या है। चिंताजनक बात यह है कि संक्रमण की दर पांच प्रतिशत से अधिक बनी हुई है।

रविवार को 786 रिपोर्ट में 45 पाजिटिव मिले और 19 मरीज डिस्चार्ज हुए। संक्रमितों की कुल संख्या 4828 पहुंच गई है और 4455 स्वस्थ हुए और 85 की मौत हुई। मार्च के 21 दिन में 410 नए मरीज मिले, 136 स्वस्थ हुए और तीन की मौत हुई। एक्टिव मरीजों की संख्या 288 पहुंच गई है।

**इन इलाकों से मिले नए मामले :** सुमन मैंशन नागरवास, अलकापुरी, जवाहर नगर, गांधीनगर, कोमल नगर, चांदनी चौक, पोरवाड़ों का वास शहर सराय, पीएनटी कालोनी, टैगोर कालोनी, विनोबा नगर, संत नगर, ओल्ड रेलवे कालोनी, दिलीप नगर दीनदयाल नगर, कोठा वाला बाग, शहीद चौक, जिला जेल, एमबी नगर, पावर हाउस रोड, शांति नगर कस्तूरबा नगर, अरिहंत परिसर, सैफी नगर, टीआइटी रोड, शास्त्री नगर, प्रताप नगर, बरबड़, राजीव नगर, शुभ लाभ कालोनी, उप जेल जावरा, गुडभेली, ताल, ग्राम धतुरिया बिलपांक के व्यक्तियों के सैंपल पाजिटिव आए हैं।

## दो नए कोरोना पाजिटिव, अब तक 36 संक्रमित

जावरा। क्षेत्र में इन दिनों कोरोना पाजिटिव आने वालों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। रविवार को शासकीय अस्पताल के एंटीजन रैपिड टेस्ट में दो नए पाजिटिव आए। पाजिटिव में खाचरौद रोड स्थित शुभलाभ कॉलोनी निवासी एक पुरुष तथा जेल कॉलोनी निवासी एक युवक की रिपोर्ट शामिल है। मार्च माह में 21 मार्च तक 36 नए पाजिटिव आ चुके है। बीएमओ डा. दीपक पालड़िया ने बताया कि रविवार को सरकारी अस्पताल के एंटीजन रैपिड टेस्ट में 21 लोगों के कोरोना नमूनों की जांच की गई। जिसमें से दो पाजिटिव आए। शेष 19 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। क्षेत्र में मार्च माह के 21 दिनों में 36 नए पाजिटिव आने से प्रशासन का अमला भी चिंतित है। वहीं आमजन भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगे है। कई लोग बिना काम के बाजारों में निकलना पसंद नहीं कर रहे है। बाजारों में लोग शासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए बिना मास्क पहने व शारीरिक दूरी नियम का पालन नहीं करते हुए दिखाई दे रहे है। प्रशासन का अमला नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई तो कर रहा है, लेकिन इसका असर बाजार में बिना मास्क पहने लोगों पर नहीं दिख रहा है।

सिंघम टाईम्स
22/03/2021

5

# निगम का अभियान : शहर की सफाई और कचरे से कमाई

### ❑ अगले सप्ताह तक शहर के सभी वार्डों को जीरो वेस्ट बनाने की तैयारी ❑ रेग पिकर्स महिलाओं को मिला रोजगार

■ रतलाम

**रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। 21 मार्च की स्थिति में नगर के 18 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है रतलाम नगर को स्वच्छता में देश में नम्बर 1 बनाने के नागरिकों व निगम कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए 22 मार्च सोमवार से वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जाकर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी एक सप्ताह में नगर के सभी वार्डों को चरणबद्ध तरीके से जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाकर संपूर्ण रतलाम नगर को जीरो वेस्ट नगर बनाया जायेगा।**

निगम आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में जिन वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है उन वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रात: अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सुखे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है। जीरो वेस्ट वार्ड 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 के भी नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरो एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जायेगा। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाएँ अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिये अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया को रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लवस, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है। इन्हे वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

(N)

# मिट्टी कुल्हड़ और पत्तो के बाउल, प्लेट उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहा निगम

* रतलाम

**गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से शासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।**

निगम आयुक्त बैठक में निर्देशित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहीत व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जावे साथ ही प्लास्टिक व थर्माकोल के डिपोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है। नागरिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तो से निर्मित बाउल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाउल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जावे। बैठक में निगम आयुक्त ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जप्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये।

अग्निबाण 22

अग्निबाण
22/03/2021

(२)

# नगर के सभी वार्ड चरणबद्ध तरीके से बनेंगे जीरो वेस्ट वार्ड, 21 मार्च तक 18 वार्ड बन चुके है जीरो वेस्ट वार्ड

**वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 में आज से प्रारंभ होगा जीरो वेस्ट का कार्य, रतलाम नगर निरंतर बढ़ रहा है जीरो वेस्ट की ओर**

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। 21 मार्च की स्थिति में नगर के 18 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है। रतलाम नगर को स्वच्छता में देश में नम्बर 1 बनाने के नागरिकों व निगम कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए 22 मार्च सोमवार से वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जाकर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी एक सप्ताह में नगर के सभी वार्डो को चरणबद्ध तरीके से जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाकर संपूर्ण रतलाम नगर को जीरो वेस्ट नगर बनाया जायेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान में जिन वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है उन वार्डो की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूख्खे कचरे पृथकीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुट्‌ठा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

जीरो वेस्ट वार्ड 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 के भी नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरो एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जायेगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाऐं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिये अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लबस, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है। इन्हे वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जाये। इन्दौर २२

इन्दौर समाचार २२/०३/२०२१